04/02/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री बियुराम वाहगे द्वारा आज दोईमुख विधायक नाबाम विवेक की मौजूद में, जिला अस्पताल परिसर दोईमुख में एक मेगा स्वास्थ्य शिविर और 100 दिवसीय टीबी विरोधी अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, स्वास्थ्य मंत्री ने एक बार फिर डॉक्टर्स से अपने कार्यस्थल पर ड्रेस कोड चुनने का आग्रह किया है। श्री वाहगे ने कहा कि ड्रेस कोड लागू करने से वे आम लोगों से अलग दिखेंगे और उनकी सुरक्षा में भी मदद मिलेगी। स्वास्थ्य शिविर में आज स्थानीय समुदाय को परामर्श, जांच और उपचार सहित कई तरह की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। 100 दिवसीय टीबी विरोधी अभियान का उद्देश्य बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाना, प्रारंभिक पहचान और उपचार को बढ़ावा देने के साथ ही टीबी से जुड़े ग़लतफहि्मयो को भी दूर करना है।

-BYTE by Health Minister

0000000000000000000000

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष कालिंग मोयोंग ने कल राज्य भाजपा मुख्यालय ईटानगर में मीडिया को संबोधित करते हुए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की सराहना की। केंद्रीय बजट पर प्रकाश डालते हुए श्री मोयोंग ने कहा कि, बजट 2025-26 में आयकर में छूट मध्यम वर्ग पर बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि बजट की एक और विशेषता उड़ान योजना को दिया गया नया रूप है।

केंद्र अब उड़ान योजना का एक संशोधित संस्करण शुरू करने की योजना बना रहा है, जिसका उद्देश्य देश में 120 नए डेस्टिनेशन तक क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देना है और इस योजना के तहत राज्य के होलोंगी, पासीघाट, तेजू आदि में भी सुधार किया जाएगा।

0000000000000000000000

ईटानगर नगर निगम- IMC ने सफाई कर्मचारियों के साथ एक संवाद सत्र क अयोजन किया जिसके तहत उन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करते समय उनके सुरक्षा को बढ़ाने के लिए PPE किट भी वितरित किया गया। बैठक के दौरान, IMC ने शहर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए, जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाना भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, IMC ने घोषणा की कि बेहतर वेस्ट मेनेजमेंट के लिए अब से कचरों को दिन में दो बार सुबह और शाम को उठाय जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी साथ ही दंड को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिस और प्रशासन से भी सहायता ली जाएगी।

0000000000000000000000

शहरी स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत राज्य के शहरी मामलों के मंत्री बालो राजा ने विधायक और शहरी मामलो के सलाहकार तेची कासो के साथ सोमवार को डी.के. कन्वेंशन सेंटर, ईटानगर से छियालीस स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर मंत्री ने शहरी कस्बों को अधिक स्वच्छ और टिकाऊ बनाने की प्रतिबद्धता के लिए शहरी, स्थानीय निकाय निदेशालय और शहरी विकास विभाग के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार और निवासियों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में सरकार की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग उपायुक्त तायी ताग्गू ने आज डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में मासिक जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक के दौरान सरकारी विभागों, पीएमसी और स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा कार्यान्वित विभिन्न राज्य और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और विकास परियोजनाओं के सुचारू और सफल उपलब्धि के लिए अंतर-विभागीय समन्वय का आह्वान किया। आगामी बजट 2025-26 के मद्दे नजर विभागाध्यक्षों से नवीन परियोजना प्रस्तावों की रूप रेखा तैयार करने का आह्वान किया। समीक्षा की गई कुछ प्रमुख परियोजनाओं में बाकिन पर्टिन जनरल अस्पताल को 300 बिस्तरों वाले अस्पताल में अपग्रेड करना, पासीघाट टाउनशिप के लिए जलापूर्ति में वृद्धि, पासीघाट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, अरुणाचल विश्वविद्यालय में बुनियादी ढांचा कार्य आदि की स्थिति शामिल थी। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों, ग्रामीण विकास सहित चल रही परियोजनाओं पासीघाट स्मार्ट मिशन परियोजनाओं और पासीघाट नगर परिषद (पीएमसी) के तहत लाभार्थी योजनाओं की स्थिति का भी जायजा लिया।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिला प्रशासन द्वारा गत सोमवार को सूचना और जनसंपर्क विभाग पासिघाट में अपने 36 साल के लंबे कार्यकाल को पूरा करने पर आईपीआर अधिकारी, श्री एच. के. रॉय, को विदाई दी गई। ईस्ट सियांग उपायुक्त तायी ताग्गू ने श्री रॉय को सम्मानित करते हुए एपीआरओ के रूप में उनकी अनुकरणीय कार्य की सराहना करते हुए सेवानिवृत्ति के बाद स्वस्थ और खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दीं और कहा कि, अरुणाचल प्रदेश के लोग उनके समर्पण और सेवा को हमेशा याद करेंगे। डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित विदाई समारोह में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री रॉय की उल्लेखनीय सेवा को सम्मानित किया।

0000000000000000000000